भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2156

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

हिमाचल प्रदेश में पीएम-श्री एयर एम्बुलेंस सेवा

2156. डॉ. राजीव भारद्वाजः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का हिमाचल प्रदेश में पीएम-श्री एयर एम्बुलेंस सेवा (पीएम-एसएएएस) शुरू करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या आयुष्मान भारत कार्डधारकों को यह सेवा निःशुल्क प्रदान किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): 'जन स्वास्थ्य' तथा 'अस्पताल' राज्य के विषय हैं। अतः जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, जिसमें विशेष रूप से आपातकालीन परिचर्या नेटवर्क हेतु पर्याप्त रूप से सुसज्जित एम्बुलेंसों की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी शामिल है, का प्राथमिक उत्तरदायित्व संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सरकारों का है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनकी कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं में प्रस्तुत आवश्यकताओं तथा उपलब्ध समग्र संसाधन-सीमा के अनुरूप, जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए, जिसमें एम्बुलेंस सेवाएं भी शामिल हैं, तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत पीएम श्री एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ करने का कोई प्रस्ताव नहीं है तथा राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवाओं के अंतर्गत इस प्रकार का कोई घटक शामिल नहीं है।

******